हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 29 अगस्त 2026

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

10 जिला जेल में बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधी राखी



12 हर्षोल्लास से मना रक्षाबंधन, बाजारों में रही रौनक





## खबर संक्षेप

### राज्यपाल रमेन डेका आज जिले के प्रवास पर

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल श्री रमेन डेका शनिवार 29 अगस्त 2026 को जिला बलौदाबाजार -भाटापारा के संक्षिप्त प्रवास पर रहेंगे। प्राप्त



जानकारी के अनुसार राज्यपाल श्री रमेन डेका शनिवार को प्रातः 10 बजे लोक भवन रायपुर से विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम चाम्पा के लिये सड़क मार्ग से प्रस्थान करेंगे। राज्यपाल श्री डेका शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चाम्पा मे आयोजित 'कॉन्फ्रेंस हॉल के उद्घाटन एवं मेधावी छात्र सम्मान समारोह' मे शामिल होंगे। इसके पश्चात राज्यपाल श्री डेका अपरान्ह 3 बजे ग्राम चाम्पा से कार द्वारा लोक भवन रायपुर के लिये प्रस्थान करेंगे।

### मुरा में गुरु बालकदास जयंती 4 सितंबर को



**बंगोली।** ग्राम मुरा में पालो तिहार एवं महान संत, वीर बलिदानी तथा सतनाम पंथ के प्रेरणास्त्रोत राजा गुरु बालकदास जी की जयंती के पावन अवसर पर 04 सितंबर 2026, दिन शुक्रवार को भव्य एवं धार्मिक-सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सतनामी समाज एवं सामाजिक कार्यकर्ता लकेश्वर कोसले ने बताया कि यह आयोजन जय सतनाम युवा शक्ति समिति, ग्राम मुरा के तत्वावधान में भादो अंधियारी पाख अष्टमी के अवसर पर शुक्रवार बाजार परिसर, मंदिर के पास, ग्राम मुरा में आयोजित होगा। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं एवं ग्रामवासियों के लिए भंडारा एवं प्रसाद वितरण का विशेष आयोजन रखा गया है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में सत्य, सद्भाव, समानता, आपसी भाईचारा, सामाजिक एकता एवं सहयोग की भावना को और अधिक मजबूत करना है। प्रसाद वितरण जय सतनाम युवा शक्ति समिति के अध्यक्ष छोटेलाल चेलक, उपाध्यक्ष मनीष कोसले, सचिव विजय ढीढी, सहसचिव दीपक कोसले।

### बस की सीट पर रखा पर्स पार, 30 हजार नकद समेत 2.75 लाख के जेवर गायब

**महासमुंद ।** रायपुर से राजा खरियार लौट रही एक महिला के बस में रखे पर्स को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। पर्स में मोबाइल, 30 हजार रुपए नकद और करीब 2.40 लाख रुपए कीमत के सोने के आभूषण रखे थे। चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 2 लाख 75 हजार रुपए बताई गई है। महिला की रिपोर्ट पर कोमाखान थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। महिला संजू कुमारी नायक के अनुसार, वह अपने ससुर के इलाज के सिलसिले में अपनी बेटी के साथ 25 अगस्त की रात करीब 10 बजे राजा खरियार से जय माता दी बस क्रमांक ओडी 26 G 0377 से रायपुर आई थी। ससुर से मिलने के बाद महिला 26 अगस्त की रात करीब 9:50 बजे तेलीबांधा रायपुर से उसी बस से अपनी बेटी के साथ वापस राजा खरियार के लिए रवाना हुई। 27 अगस्त की दरमियानी रात करीब 1 से 1:30 बजे के बीच बस ग्राम मौलीमुड़ा, एनएच-353 रोड स्थित पेट्रोल पंप के सामने ओम ढाबा के पास रुकी। यहां सभी यात्री चाय-नाश्ता करने के लिए बस से उतरे थे। महिला ने बताया कि इसी दौरान उसने अपना पर्स बस की सीट पर रखा और लघुशंका के लिए चली गई। कुछ देर बाद वापस सीट पर पहुंची तो पर्स वहां नहीं मिला।

# भजनों की धुन पर झूमे श्रद्धालु, भगवान को झुलाया झूला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

धर्म एवं अध्यात्म की पावन नगरी शिवरीनारायण धाम में इन दिनों श्रावण झूला महोत्सव के चलते भक्ति और आस्था का अद्भुत वातावरण बना हुआ है। युगों-युगों से भगवान नर-नारायण की पावन उपस्थिति से धन्य शिवरीनारायण धाम में श्रावण मास के अवसर पर मंदिर परिसर में प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शिवरीनारायण भगवान मंदिर परिसर में संगीतमय भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या में खरौद धाम के कथा व्यास पं. ओम प्रकाश शर्मा ने अपनी टीम के साथ एक से बढ़कर एक भक्तिमय भजनों एवं गीत-संगीत की प्रस्तुति दी। भजनों की मधुर धुनों से पूरा मंदिर परिसर भक्तिरस में सराबोर हो गया और श्रद्धालु देर तक भक्ति में लीन रहे। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी पूर्णेन्द्र तिवारी, मुख्तियार सुखराम दास, बसंत देवांगन, आनंद केशरवानी, अशोक शर्मा, दिनेश शर्मा, महेंद्र शर्मा, राघव तिवारी, माधव तिवारी, हिमांशु तिवारी, सुधांशु तिवारी, गणेश तिवारी, ताराचंद सोनी, जेठूराम यादव, उग्रेश्वर गोपाल केवट, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। भजन संध्या के दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा तथा श्रद्धालुओं ने आयोजन का भरपूर आनंद लेते हुए भगवान नर-नारायण के प्रति अपनी आस्था एवं श्रद्धा अर्पित की ।

### शिवरीनारायण धाम में संगीतमय भजन संध्या





### झूला झुलाने उमड़ रहे श्रद्धालु

श्रावण झूला महोत्सव के अंतर्गत भगवान को झूला झुलाने की परंपरा भी श्रद्धालुओं द्वारा श्रद्धा और उत्साह के साथ निभाई जा रही है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर भगवान की झूले की रस्सी खींचते हुए पुण्य एवं आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति कर रहे हैं। भजन संध्या के दौरान महिला टीम ने भी भगवान नर-नारायण को पूरे भक्ति भाव एवं श्रद्धा के साथ झूला झुलाया।

### आक्रोश : बेखौफ दौड़ रहे भारी वाहन, स्थानीय लोगों ने जताई नाराजगी

# गिधौरी-शिवरीनारायण महानदी पुल पर तीन घंटे थमे पहिये, वाहनों की लगी रही कतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

रक्षाबंधन के पावन अवसर पर जहां पूरा अंचल खुशियों और उमंग के साथ भाई-बहन के प्रेम का त्योहार मना रहा था, वहीं गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग स्थित शबरी सेतु (महानदी पुल) पर राहगीरों और यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पुल के बीचों-बीच अचानक एक भारी ट्रक के खराब हो जाने के कारण दोनों ओर गाड़ियों का लंबा काफिला खड़ा हो गया। इस भीषण जाम में रक्षाबंधन पर भाइयों को राखी बांधने जा रही सैकड़ों बहनों, छोटे बच्चों और यात्रियों को करीब तीन घंटे तक कड़े संघर्ष और परेशानी से गुजरना पड़ा। त्योहार के चलते सुबह से ही सड़क पर वाहनों की आवाजाही काफी अधिक थी। इसी दौरान शबरी सेतु पर ट्रक बंद हो गया, जिससे गिधौरी और शिवरीनारायण दोनों ही ओर देखते ही देखते वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं। भीषण गर्मी और धूप के बीच पुल पर घंटों फंसे रहने के कारण यात्रियों का बुरा हाल हो गया। रक्षाबंधन पर समय पर अपने भाइयों के घर पहुंचने की उम्मीद में निकली बहनें जाम में फंसकर बेबस नजर आईं। वहीं, यात्री बसों के फंसे होने से दूर-दराज जाने वाले लोग भी समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच सके।



### सख्त कार्रवाई की मांग

जाम में फंसे राहगीरों और स्थानीय नागरिकों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यदि समय रहते प्रतिबंधित भारी वाहनों पर लगाम लगाई गई होती, तो त्योहार के दिन इस तरह की अव्यवस्था नहीं फैलती। नागरिकों ने जिला व पुलिस प्रशासन से मांग की है कि नियम तोड़कर इस मार्ग पर चल रहे भारी वाहनों के खिलाफ तत्काल कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस महत्वपूर्ण मार्ग पर आवागमन सुगम बना रहे और आम जनता को दोबारा ऐसी मुसीबत न झेलनी पड़े।



### प्रशासनिक आदेशों की उड़ रही धज्जियां

इस पूरी घटना ने एक बार फिर स्थानीय प्रशासन और यातायात व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग पर वर्तमान में सड़क निर्माण का कार्य जारी है। निर्माण कार्य को सुचारू रूप से चलाने और हादसों से बचाव के उद्देश्य से शासन-प्रशासन द्वारा इस मार्ग पर भारी और बड़े वाहनों की आवाजाही पर स्पष्ट रूप से प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बावजूद, प्रशासनिक दावों और आदेशों को दरकिनार कर भारी वाहन दिन-रात इस मार्ग पर बेखौफ होकर दौड़ रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों का आरोप है कि नियमों की अनदेखी और प्रभावी निगरानी न होने के कारण ही त्यौहार के दिन ऐसी स्थिति निर्मित हुई।

## जिलाबदर का आरोपी रिषभ गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

आम जनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना दृष्टि हेल्पलाइन प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा अपराधिक गतिविधि की जानकारी दृष्टि हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा काल के जरिए प्रदान की जा सकती है। दृष्टि हेल्पलाइन के माध्यम से अपराधिक कृत्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के कुशल निर्देशन में दिनांक 27 अगस्त को दृष्टि हेल्पलाइन में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना सिमगा की पुलिस टीम द्वारा जिलाबदर आरोपी रिषभ मसीह को हिरासत में लिया गया है। पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा पर जिला दंडाधिकारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा धारा 3,5(ख) 2023 छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत ▶▶ शेष पेज 11 पर

## नन्हीं बच्चियों ने पुलिसकर्मियों को बांधी राखी...

**बलौदाबाजार।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर जिले के विभिन्न स्कूलों से पहुंचीं नन्हीं बच्चियों ने सिटी कोतवाली थाने में पुलिसकर्मियों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को और मजबूत किया। इस अवसर पर पुलिस और बच्चों के बीच बेहद उत्साह और अपनत्व का माहौल देखने को मिला। आयोजन में बचपन स्कूल, बलौदाबाजार और अहिल्या इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, लाहोद सहित जिले के कई स्कूलों की छात्राएं शामिल हुईं।



# 13 कृषि केन्द्रों पर छापेमारी, 6 पर विक्रय प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा खरीफ 2026 अंतर्गत कृषकों को गुणवत्तापूर्ण एवं मानक अनुरूप आदान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले के कीटनाशक विक्रय केन्द्रों का सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को 13 कृषि केंद्रों की जांच की गई। विभिन्न अनियमतता पर 6 केंद्रों को नोटिस जारी कर 7 से 10 दिवस के लिये विक्रय प्रतिबंधित किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड पलारी के कीटनाशक निरीक्षक सुचिन कुमार वर्मा द्वारा ग्राम अमेरा में संचालित पटेल कृषि सेवा केन्द्र, जय दुर्गा कृषि केन्द्र, शिवराम कृषि सेवा केन्द्र, ग्राम छेरकापुर में वर्मा कृषि केन्द्र, साहू कृषि सेवा केन्द्र, विकासखंड सिमगा के कीटनाशक निरीक्षक ऑलिव मेरी कुजूर द्वारा कमल कृषि सेवा केन्द्र, हिरमी, विकासखंड भाटापारा के कीटनाशक निरीक्षक अवधेश उपाध्याय द्वारा नंदिनी कृषि केन्द्र सिंगारपुर तथा विकासखंड कसडोल के कीटनाशक निरीक्षक धनेश्वर साय द्वारा श्रीराम ट्रेडर्स, विनोद कृषि सेवा केन्द्र, कटगी, देवांगन कृषि केन्द्र, छांछी, विकासखण्ड-बलौदाबाजार ▶▶ शेष पेज 11 पर



■ कृषि दुकानों में अनियमितता पर कार्रवाई

### कीटनाशी अधिनियम के तहत नोटिस

उप संचालक कृषि दीपक नायक ने सभी कृषि आदान विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि उर्वरक, बीज, कीटनाशक सहित अन्य कृषि आदान सामग्री के भंडारण एवं विक्रय से संबंधित सभी आवश्यक अभिलेखों का नियमित रूप से संधारण करें। स्टॉक रजिस्टर एवं बिल बुक में प्रत्येक आवक और विक्रय का सही तथा अद्यतन विवरण दर्ज किया जाना अनिवार्य है। विभाग ने विक्रेताओं को शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं प्रावधानों का कड़ाई से पालन करने की हिदायत दी है। अधिकारियों ने जानकारी दिया है कि कृषि आदान सामग्री के भंडारण एवं विक्रय व्यवस्था की निगरानी आगे भी जारी रहेगी तथा नियमों की अनदेखी पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### ग्राहकों ने आबकारी विभाग से जांच और कार्रवाई की मांग की

# गिधपुरी शराब दुकान में प्रिंट रेट से ज्यादा की वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

अंचल में शराब की ओवररेट बिक्री का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। पहले रोहासी भट्टी में कार्रवाई हुई, फिर संडी भट्टी में नकली शराब के खिलाफ कार्रवाई की गई, लेकिन त्योहारी सीजन में गिधपुरी स्थित कंपोजिट शराब दुकान में ओवररेटिंग का खेल जारी है।

ग्राहकों का आरोप है कि निर्धारित दर से क्वार्टर में 10 रुपये और बाटल में 50 से 80 रुपये अतिरिक्त वसूले जा रहे हैं। दरअसल, हाल ही में विधायक संदीप साहू की शिकायत पर प्रशासन ने संडी भट्टी में नकली शराब के खिलाफ कार्रवाई की थी और कुछ प्लेसमेंट कर्मियों को हटाया गया था। आबकारी निरीक्षक को निलंबित भी किया गया था। रोहासी भट्टी में भी जांच के बाद कार्रवाई हुई थी, लेकिन इन सबके बावजूद अंचल में ओवररेट का कारोबार पूरी तरह बंद नहीं हो पाया है। गिधपुरी शराब दुकान में हालात यह हैं कि ग्राहक जब निर्धारित कीमत पूछता है तो उसे स्पष्ट जानकारी नहीं दी जाती और मनमानी दर वसूल ली जाती है। बताया जा रहा है कि दुकान में सुपरवाइजर की मनमानी के चलते यह स्थिति बनी हुई है। त्योहार के कारण ग्राहकों की संख्या बढ़ने से ओवररेटिंग और तेज हो गई है। ग्राहकों के विरोध पर शाम 6:00 से 6:15 के बीच विवाद की स्थिति भी बन गई थी। स्थानीय लोगों ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार्रवाई की मांग की है और आबकारी विभाग से दुकान की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। अब सवाल यह उठता है कि आबकारी विभाग द्वारा पहले की गई कार्रवाइयों के बाद भी जब ओवररेटिंग जारी है तो फिर प्रशासन अब कब तक मूक दर्शक बना रहेगा?



# गौमाता के साथ अनाचार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

मिली जानकारी के अनुसार के अनुसार सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से पता चला कि शंकर नगर सिमगा में गत 24 अगस्त की रात एक व्यक्ति द्वारा गौ माता के साथ अनाचार किए जाने का फुटेज मिला है। जिसकी पहचान मोहल्लेवासियों द्वारा बमके ड्राईवर उर्फ़ संतोष निषाद बताया गया है। उक्त घटना की जानकारी नगर में फैलते ही गौ सेवकों व यादव समाज के साथ सर्वसमाज एवं मोहल्ले वासियों में खासी नाराजगी व्याप्त है। नागरिकों ने आरोपी के खिलाफ सिमगा थाना में मामला पंजीबद्ध करवाया है। जिस पर पुलिस ने 28 अगस्त को आरोपी को गिरफ्तार कर मामले को जांच में लिया है। जांच में आरोपी को नशे में होना बताया गया। उक्त मामले पर पूर्व पार्षद कान्हा यदु ने मामले में आरोपी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की है। गौसेवा आयोग के विकासखंड अध्यक्ष गगन तिवारी ने आरोपी के उपर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने एवं हर प्रकार के नशे पर रोकथाम करने हेतु पुलिस प्रशासन से मांग की है। बताया जाता है कि उक्त आरोपी के द्वारा पूर्व में भी ऐसे कई हरकत नशे की हालत में किया गया है। गौ सेवक पप्पू साहू ने लोगों से अपील की है कि गौवंश के साथ अनाचार होने पर खुलकर विरोध करें।



## खबर संक्षेप




### अमर वीर शहीदों को राखी बांधी

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में अमर वीर शहीदों को बहनें अपने भाईयों को राखी बांधी। वहीं जो भाई नक्सल प्रभावित ऐर्राबोर में नक्सली मुठभेड़ में शहीद हुए थे, अमर वीर जवानों की याद में मूर्तियों को बहनें राखी बांधी गई। नक्सलियों के साथ हुए मुठभेड़ में शहीद भाईयों को याद कर आज भी बहनों की आंखों में आंसू भर आते हैं। हर राखी त्योहार पर ये बहनें इन वीर जवानों की मूर्तियों को राखी बांधती है। बहनों का कहना है कि उनके भाई देश की सेवा में शहीद हुए हैं।

### दुर्गा वाहिनी के बहनों ने बांधा रक्षासूत्र



**महासमुंद।** रक्षाबंधन पर्व पर विश्व हिंदू परिषद के दुर्गा वाहिनी के बहनों द्वारा यातायात शाखा पुलिस थाना, दलित बस्ती, दीवार डेरा, वृद्धाश्रम में उपस्थित वृद्धजनों, अधिकारियों, कर्मचरियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को रक्षा सूत्र बांधा। इस अवसर पर दुर्गा वाहिनी के कुमारी काजल साहू, दुर्गा कन्नौजे, रिया राजपूत, ओजस्वी महंती, मीनाक्षी साहू, काव्या राजपूत, नीति साहू, पारुल राजपूत सहित विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख अखिलेश लुनिया, जिला उपाध्यक्ष विपिन बिहारी महंती, प्रदीप वर्मा, नरेश नायक, लोकेश दावड़ा, चंदन नेताम, कुंबज चंद्राकर सहित गणमान्यजन एवं कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

### हर्षोल्लास से मनाया गया भाई-बहन के पवित्र प्रेम का पर्व रक्षाबंधन



**महासमुंद।** ग्राम बम्हनी में भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और विश्वास का पवित्र पर्व रक्षाबंधन हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। रक्षाबंधन के अवसर पर बहनों ने अपने भाईयों की कलाई पर प्रेम और विश्वास का प्रतीक राखी बांधी तथा उनके सुख, समृद्धि, दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। वहीं भाईयों ने अपनी बहनों की रक्षा का संकल्प लेते हुए उन्हें स्नेह एवं शुभकामनाएं दीं। पर्व को लेकर गांव में सुबह से ही उत्साह का माहौल रहा। घर-घर में पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। बहनों ने भाईयों का तिलक लगाकर आरती उतारी और मिठाई खिलाकर रक्षासूत्र बांधा। भाईयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर उनके प्रति अपने प्रेम एवं सम्मान को व्यक्त किया। सावित्री साहू, सुनीता, संतोषी साहू, प्रिया, हुलसी, पुष्पांजलि, कल्पना, निहारिका, मणिका, जितेंद्र साहू, दीपक, संतोष, कमलेश, भूषण आदि ग्रामीणों ने कहा कि ऐसे पर्व हमारी भारतीय संस्कृति, परंपरा और पारिवारिक मूल्यों को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# जिला जेल में बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधी राखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

रक्षाबंधन के पर्व पर जिला जेल बलौदाबाजार में भाई-बहन के पवित्र रिश्ते की भावुक तस्वीर देखने को मिली। जेल की ऊंची दीवारें और सलाखें भले ही बंदियों को अपनों से दूर रखती हों, लेकिन राखी के पवित्र धागे ने इन दूरियों को मिटा दिया। अपने निरुद्ध भाइयों की कलाई पर राखी बांधने और उनका हालचाल जानने के लिए बड़ी संख्या मे बहनें जिला जेल पहुंचीं। रक्षाबंधन को लेकर सुबह से ही जेल परिसर में बहनों की कतार लगी रही। जेल प्रशासन की ओर से पर्व को देखते हुए विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। बहनों को बारी-बारी से उनके भाइयों से मुलाकात कराई गई। जैसे ही बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी, कई भावुक हो गए। कहीं बहन-भाई एक-दूसरे से गले मिले तो कहीं आंखों से छलकते आंसुओं ने भावनाओं को बयां किया। बहनों ने भाइयों को राखी बांधकर मिठाई खिलाई और उनके बेहतर भविष्य की कामना की।

कई बहनों ने भाइयों को भरोसा दिलाया कि परिस्थितियां कैसी भी हों, परिवार उनके साथ खड़ा है। लंबे समय बाद बहनों से मुलाकात होने पर कई बंदियों के चेहरों पर खुशी नजर आई।हनों ने राखी बांधने के साथ उन्हें जीवन में नई शुरुआत करने और बेहतर भविष्य की ओर बढ़ने का भरोसा भी दिया।

### सुचारू मुलाकात के लिए जेल प्रशासन की थी विशेष व्यवस्था



#### सावित्री, महेश्वरी, मंजूषा, अर्चना व माधुरी ने कहा- रिश्ता हमेशा खास

राखी बांधने पहुंचीं सावित्री, महेश्वरी, मंजूषा, अर्चना और माधुरी सहित अन्य बहनों ने कहा कि भाई चाहे किसी भी परिस्थिति में हो, बहन के लिए उसका रिश्ता हमेशा खास रहता है। उन्होंने जेल प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि मुलाकात के दौरान उन्हें किसी तरह की परेशानी नहीं हुई।जेलर अभिषेक मिश्रा ने बताया कि रक्षाबंधन के अवसर पर बहनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। बड़ी संख्या मे बहनों ने जेल में निरुद्ध अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी। प्रशासन का प्रयास रहा कि पर्व के दौरान भाई-बहन की मुलाकात सहज और व्यवस्थित तरीके से हो। जेल परिसर में कई ऐसे भावुक क्षण भी आए, जब लंबे समय से परिवार से दूर रह रहे बंदी अपनी बहनों को सामने पाकर भावुक हो गए।

### पर्व : बहनों ने अपने भाई के सुखद, स्वस्थ एवं सुरक्षित जीवन की कामना की

# बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधा रक्षा सूत्र जीवन भर रक्षा करने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल





भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व नगर एवं क्षेत्र में हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी सुख-समृद्धि, दीर्घायु और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

वहीं भाइयों ने भी अपनी बहनों की रक्षा और हर सुख-दुख में साथ निभाने का संकल्प लिया। श्रावण पूर्णिमा के अवसर पर प्रतिवर्ष मनाए जाने वाले रक्षाबंधन पर्व को लेकर इस वर्ष भी लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही बहनें अपने भाइयों को राखी बांधने के लिए मायके पहुंचने लगीं। कई बहनें अपने ससुराल से मोटरसाइकिल, कार एवं अन्य साधनों से मायके आती-जाती नजर आईं। इसके चलते सड़कों पर भी दिनभर लोगों और वाहनों की आवाजाही बनी रही। रक्षाबंधन को लेकर नगर के बाजारों में भी विशेष चहल-पहल रही। राखियों की दुकानों के साथ-साथ मिठाई, फल और कपड़ा दुकानों में ग्राहकों की अच्छी भीड़ देखने को मिली।

विभिन्न रंगों और डिजाइनों की राखियों ने बहनों को आकर्षित किया। मिठाई दुकानों में भी पर्व को लेकर खरीदारी का सिलसिला चलता रहा। रक्षाबंधन बहनों ने ड्यूटी में तैनात पुलिस जवानों को राखी बांधकर भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का संदेश दिया। बहनों ने पुलिसकर्मियों की कलाई पर राखी बांधी और उनके सुखद, स्वस्थ एवं सुरक्षित जीवन की कामना की। पुलिस जवानों ने भी बहनों को उनकी रक्षा का भरोसा दिलाया।

### सड़कों पर रही आवाजाही, बाजारों में उमड़ी भीड़

इस दौरान पुलिसकर्मियों के चेहरे पर खुशी और भावुकता देखने को मिली। बहनों ने कहा कि त्योहार के दिन जब अधिकांश लोग अपने परिवार के साथ होते हैं, तब पुलिसकर्मी समाज की सुरक्षा के लिए अपनी ड्यूटी निभाते हैं। ऐसे में उन्हें राखी बांधकर रक्षाबंधन की खुशियां साझा करना गर्व की बात है। विशेष बात यह रही कि पूर्व वर्षों की तुलना में इस बार रक्षाबंधन पर्व पर बाजार में अधिक रौनक देखने को मिली। लंबे समय बाद बाजार में बढ़ी चहल-पहल से व्यापारियों के चेहरे भी खिले नजर आए। दुकानदारों ने पर्व के दौरान अच्छी बिक्री होने की उम्मीद जताई। रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहन के प्रेम, विश्वास और पारिवारिक आत्मीयता के साथ नगर एवं क्षेत्र में उत्साहपूर्वक मनाया गया।



## आईटीबीपी के जवानों को महिला मोर्चा ने बांधी राखी

**खरोरा।** रक्षाबंधन के पावन पर्व के उपलक्ष्य में मांठ स्थित भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) कैंप में एक विशेष एवं भावनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कैंप पहुंचकर देश की सुरक्षा में तैनात (आईटीबीपी) के जवानों को रक्षा सूत्र (राखी) बांधा और उनकी लंबी उम्र व सुरक्षा की कामना की।

महिला मोर्चा की सदस्यों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ जवानों का तिलक किया, आरती उतारी और कलाई पर राखी बांधकर मुंह मीठा कराया अपने परिवारों से सैकड़ों किलोमीटर दूर सरहद और कैंप में तैनात जवानों ने इस आत्मीय पहल की सराहना की। बहनों के इस स्नेह से अभिभूत जवानों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से उन्हें घर से दूर होने का अहसास नहीं होता। सुरक्षा का संकल्प- जवानों ने बहनों को देश की सुरक्षा और सम्मान की रक्षा का वचन दिया। इस अवसर पर महिला मोर्चा की प्रमुख पदाधिकारियों के साथ (आईटीबीपी) कैंप के वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में जवान उपस्थित रहे। महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने कहा कि देश के ये वीर जवान हर मौसम और हर परिस्थिति में देश की रक्षा के लिए तत्पर रहते हैं, जिसके कारण पूरा देश सुरक्षित और शांति से त्योहार मना पाता है। ऐसे में इन वीर भाइयों के साथ रक्षाबंधन मनाना अत्यंत गर्व का विषय है रक्षा सूत्र के कार्यक्रम में रायपुर ग्रामीण महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष रश्मि वर्मा, जिला महामंत्री स्वाति वर्मा, खरोरा मंडल अध्यक्ष रानी साहू, बंगोली मंडल अध्यक्ष हीरा वर्मा, खरोरा मंडल महामंत्री शकुंतला कोसले सहित महिला मोर्चा के कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## छात्राओं ने सहपाठियों की कलाई में सजाइ राखी




**अर्जुनी।** शासकीय प्राथमिक शाला परसाडीह में रक्षाबंधन के अवसर पर राखी की गतिविधि का आयोजन किया गया। गतिविधियों में बच्चों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और अपनी कल्पना और कलात्मक प्रतिभा से राखियों की आकर्षक श्रृंखला तैयार की। बच्चों ने अलग अलग रंगों और डिजाइन की राखियां सजाई। इस रचनात्मक गतिविधि से उन्हें रक्षा बंधन के सांस्कृतिक और भावनात्मक महत्व को समझने का अवसर मिला। बच्चों की बनाई राखी में उनकी कल्पना शक्ति और उत्साह साफ नजर आया। शाला में आयोजित यह गतिविधि पढ़ाई से अलग रचनात्मक क्षमता दिखाने का अवसर दे रही थी। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने शाला के सभी बालकों एवं हमारे विद्यालय के गतिविधि को से प्रभावित होकर भ्रमण के लिए आए हुए अंबुजा विद्या पीठ के प्राचार्य संजय कुमार पांडे एवं बच्चों के कलाइयों में रक्षा बंधन सूत्र बांधा गया। और एक दूसरे की रक्षा बंधन की शुभकामनाएं दी। राखी बांधने के बाद शाला परिसर में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा बच्चे इस मौके पर भाई बहन के रिश्ते के साथ अपनी स्नेह सहयोग की भावना को भी महसूस किया। अंबुजा विद्या पीठ के प्राचार्य संजय कुमार पांडे ने भ्रमण के दौरान शाला में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, शिक्षण व्यवस्था एवं उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया जिसमें विद्यालय के प्रधान पाठक दौलत कुंजाम के बेहतर शाला संचालन के लिए प्रशंसा किया गया और इस दौरान सभी कक्षा के बच्चों से संवाद की और बच्चों के साथ बैठकर पढ़ाई की गुणवत्ता का अवलोकन किया।

### ईशान वैष्णव को आमाकोनी में महिलाओं ने बांधी राखी



सुहेला। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर आमाकोनी में सैकड़ों महिलाओं ने जिला पंचायत बलौदाबाजार के सभापति ईशान वैष्णव को राखी बांधकर भाई-बहन के स्नेह और विश्वास का रिश्ता मजबूत किया। महिलाओं ने उन्हें राखी बांधकर सुख-समृद्धि एवं दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर ईशान वैष्णव ने सभी बहनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राखी केवल एक धागा नहीं, बल्कि प्रेम, विश्वास और जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को भरोसा दिलाते हुए कहा कि वे आजीवन अपनी बहनों की रक्षा, सम्मान और सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। रक्षाबंधन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही। बहनों ने ईशान वैष्णव को राखी बांधकर भाई के रूप में अपना स्नेह और विश्वास प्रकट किया। कार्यक्रम का माहौल भाई-बहन के आत्मीय रिश्ते और उत्साह से सराबोर रहा।

### बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधा रक्षासूत्र



**सिमगा।** अंचल में आज शुक्रवार को सावन के पूर्णिमा के मौके पर भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। सुबह से ही घरों और बाजारों में त्यौहार की रौनक रही। ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों में त्यौहार को लेकर खासा उत्साह बना रहा। वहीं बहनों ने अपने भाइयों की दीर्घायु, सुख-समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कुमकुम, रोली, अक्षत, दीपक और मिठाइयों से सजी थाली से भाइयों की आरती उतार कर उनकी कलाई पर रक्षासूत्र (राखी) बांधकर उनका मुंह मीठा कराया। वहीं भाइयों ने भी अपनी बहनों को क्षमता अनुसार वस्त्र, आभूषण, उपहार भेंट किए।

### अंचल में रक्षाबंधन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**बगबुड़ा।** ग्राम बगबुड़ा एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों में भाई-बहन के पवित्र प्रेम और स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी सुख-समृद्धि एवं दीर्घायु की कामना की। वहीं भाइयों ने बहनों को उपहार भेंट कर जीवनभर उनकी रक्षा करने का संकल्प लिया। रक्षाबंधन को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से ही उत्साह का माहौल रहा। घरों में पारंपरिक पकवान बनाए गए और परिवारजनों ने एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं।

### सशिमं में मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व




**कोमाखान।** स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कोमाखान में रक्षाबंधन का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय की सांस्कृतिक प्रमुख माधवी यादव, ललिता, खुशबू द्वारा माँ भारती प्रणवाक्षर ओम एवं सरस्वती माता के छायाचित्र पर पूजन कर राखी अर्पित किया गया। पश्चात सभी कक्षा के भाईयों का आरती तिलक लगाकर उनकी कलाइयों में बहनों द्वारा राखी बांधकर मिठाई खिलाई गयी और सदा खुश रहने ओर रक्षा करने का संकल्प लिया गया। अंत में प्रधानाचार्य टिकेश्वर उपाध्याय को सभी दीदी लता, त्रिवेणी, माधवी, रजनी, संजू सिंह, समीक्षा, लीला, भारती एवं आया सुनीता द्वारा राखी बांधकर शुभकामनाएं दी गई।

### अरंड क्षेत्र में दिखा भारी उत्साह



**अरंड (पिथौरा)।** क्षेत्र के ग्राम अरंड, खैरा सहित अनेक गांवों में रक्षाबंधन का पर्व में धूमधाम से मनाया गया। दूरदराज से पहुंची बहन बेटियां अपने भाईयों की आरती उतारने के बाद हाथों राखी बांधी। बदले में भाईयों ने बहनों को उपहार भेंट किया। ग्राम अरंड के नरसिंह ध्रुव, ममता बाई ध्रुव, सुनीता बाई ध्रुव, अनीता बाई ध्रुव, हार मोती बाई ध्रुव, अनुसूया बाई ध्रुव, युवंशी ध्रुव, सेत बाई ध्रुव, अजय कुमार ध्रुव, दुर्गेश ध्रुव राघोव ध्रुव आदि परिवारों में उत्साह से त्योहार मनाया। इसी तरह ग्राम खैरा के तान सिंह, महेंद्र कुमार, युवराज ध्रुव, संगीता ध्रुव,पैरमता, निशा पटेल, सविता, मानसी, चम्पा ध्रुव आदि परिवारों में पर्व को लेकर उत्साह दिखा।

### हवन पूजन के साथ समापन, श्रद्धालुओं ने लिया पुण्यलाभ

# पूर्णाहुति के साथ एक माह के रुद्राभिषेक का समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विशाल मेगा मार्ट परिसर में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा परिवार द्वारा आयोजित एक माह के रुद्राभिषेक एवं हवन-पूजन का शुक्रवार को पूर्णाहुति के साथ समापन हुआ। इस बार भी प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालुओं ने रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन का पुण्यलाभ प्राप्त किया। वहीं इससे पहले रुद्राभिषेक व हवन-पूजन कार्यक्रम में गुरुवार को सवा लाख पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण और रुद्राभिषेक हुआ। पश्चात सवा लाख बत्ती से महाआरती हुई। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा परिवार सहित रुद्राभिषेक में शामिल हुए। वहीं नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालुगण पूजा में शामिल हुए। पार्थिव शिवलिंगों के विसर्जन के लिए शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा विशाल मेगा मार्ट परिसर से निकली और बम्हनी में समापन हुआ। वहीं शनिवार को श्रावण मास की समाप्ति के साथ विशाल मेगा मार्ट परिसर में चल रहे एक माह के रुद्राभिषेक व हवन-पूजन का समापन हुआ। अंतिम दिन पूर्णाहुति के साथ पूजन का समापन हुआ। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा परिवार सहित पूर्णाहुति मंन शामिल हुए। विधायक सिन्हा ने हवन-पूजन कर सभी की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। ज्ञात हो कि श्रावण मास में विशाल मेगा मार्ट परिसर व विधायक कार्यालय के पीछे विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा परिवार द्वारा विगत 11वर्षों से रुद्राभिषेक व हवन-पूजन कार्यक्रम करवाया जा रहा है। शनिवार को पवित्र श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि को 11वें वर्ष के हवन पूजन का समापन हुआ।

#### महादेव की सेवा से मिलता है आत्मिक शांति

एक माह के रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन के समापन को लेकर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि महादेव की पूजा एवं सेवा करने से आत्मिक शांति की प्राप्ति होती है। श्रावण के पवित्र माह में पूजन विधि करने से विशेष फल प्राप्त होता है। साथ ही महादेव भक्तों पर अपनी दया दृष्टि बनाए रखते हैं।

# महासमुंद में प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर 6.90 लाख की धोखाधड़ी का आरोप

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास दिलाने और काम पूरा कराने के नाम पर 15 हितग्राहियों से कुल 6 लाख 90 हजार रुपए की धोखाधड़ी किए जाने का मामला सामने आया है। शिकायत की जांच के बाद बुंदेली चौकी पुलिस ने आवास मित्र के खिलाफ धारा 318(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम पंचायत मोहदा के हितग्राहियों ने 14 जुलाई 2026 को कलेक्टर जनदर्शन महासमुंद में शिकायत प्रस्तुत की थी। शिकायत पुलिस अधीक्षक के माध्यम से चौकी बुंदेली पहुंची, जिसके बाद मामले की जांच की गई। जांच में सामने आया कि परसराम पटेल पिता सरूज पटेल, (24 वर्ष), निवासी ग्राम कोटादादर को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास संबंधी कार्य, आवास पूर्ण कराने और जियो टैग के लिए जनपद पंचायत पिथौरा के माध्यम से ग्राम पंचायत मोहदा में आवास मित्र के पद पर रखा गया था। बताया गया है कि वह पहले से ही एयरटेल पेमेंट बैंक में ग्रामीण बैंक मित्र के रूप में भी काम कर रहा था। शिकायत के मुताबिक हितग्राहियों से कथित तौर पर निम्न राशि निकाली गई - हेमिन बाई पटेल 55,000 रुपए, गणेशु ध्रुव 40,000 रुपए, नूरपति पटेल 55,000 रुपए, लीला बाई पटेल 55,000 रुपए, तारा बाई पटेल 55,000 रुपए, मोहरमति बरिहा 40,000 रुपए, अगहन बाई ओगरे 55,000 रुपए, मुनु राम ओगरे 55,000 रुपए, पुरानिक ध्रुव 55,000 रुपए, उषा बाई ध्रुव 55,000 रुपए, मनटोरिया बाई निषाद 25,000 रुपए, फगनी बाई निषाद 25,000 रुपए, इंद्रोतिन बाई निषाद 25,000 रुपए, मखियार बरिहा 55,000 रुपए, बोधनी बाई (मृतक) 40,000 रुपए कुल राशिः 6,90,000 रुपए। पुलिस जांच में शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि आवास मित्र परसराम पटेल ने उन्हें झांसे में लेकर बिना पूरी जानकारी दिए फिंगरप्रिंट मशीन पर अंगूठा लगवाया और एयरटेल पेमेंट बैंक में खाते खोलकर प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि का आहरण कर लिया। शिकायत और जांच में प्रथम दृष्टया धोखाधड़ी का अपराध पाए जाने पर पुलिस ने परसराम पटेल के खिलाफ धारा 318(4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

**खबर संक्षेप**

## महादेवघाट में मनाया श्रावणी उपाकर्म

**रायपुर।** महादेवघाट में 27 अगस्त को श्रावणी उपाकर्म मनाया गया। यह कार्य संस्कृत महाविद्यालय के अवकाश प्राप्त प्रोफेसर डॉ. रामकिशोर मिश्र द्वारा कई वर्षों से कराया जा रहा हैं। इस वर्ष श्रावण पूर्णिमा 28 अगस्त को सुबह 9.48 तक ही है। इस वजह से 27 अगस्त सुबह 7 बजे से दोपहर के 12 बजे तक के बीच समापन हुआ। इसमें प्रायश्चित संकल्प के साथ-साथ 10 प्रकार के स्नान, देव-ऋषि तर्पण, ऋषियों का पूजन, वेदों का पूजन, रक्षा सूत्र पूजन कराया गया एवं सभी विप्रजनों ने एक-दूसरे को पूजित जनेऊ का आदान प्रदान कर विप्रों ने एक दूसरे को अभिमंत्रित रक्षा सूत्र बांधे। इसके बाद हवन-आरती कर आशीर्वाद एवं प्रसाद ग्रहण कर हाटकेश्वर महादेव का गुरुदेव वैदिक के साथ दर्शन किया गया।

## कमलेश्वर महादेव की प्राण-प्रतिष्ठा, निकाली भव्य कलश यात्रा

**रायपुर।** कमल विहार वसुधैव कुटुम्बकम वेलफेयर सोसायटी द्वारा सेक्टर-6 के गार्डन में कमलेश्वर महादेव का भव्य मंदिर निर्माण कराया गया है। मंदिर में कमलेश्वर महादेव की पूरे विधि-विधान से प्राण-प्रतिष्ठा की गई। तीन दिनों तक चले इस धार्मिक अनुष्ठान के पहले दिन वेदी पूजा, दूसरे दिन जलाधिवास एवं तीसरे दिन कमलेश्वर महादेव की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर कालोनी की महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा ने आवासीय क्षेत्रों का भ्रमण किया, जहां लोगों ने कलश यात्रा का पूरे श्रद्धा भाव से पूजा-अर्चना की। मंदिर का निर्माण कालोनीवासियों ने आपसी सहयोग से किया है। इस अवसर पर सोसायटी के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, संरक्षक प्रकाश रबड़े, अश्विनी कुमार शर्मा, सचिव रितेश मिश्रा, मनीष मिश्रा, राणा कुमार सिंह, रवि ठक्कर, इंदू कुशराम, भूमिका ठक्कर, मोहिनी, गुड़यि, सुषमा समेत सभी महिलाओं और बच्चों ने तीन दिनों तक ने पूरे भक्तिभाव से कार्य किया।

## नेपाल त्रासदी पर जोरा सांईनगर में शोकसभा



**रायपुर।** नेपाल में हुई भयंकर त्रासदी से बहुत बड़ी संख्या में होने वाली जनहानि को लेकर साईं दर्शन आवासीय समिति साईंनगर जोरा के तत्वावधान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सभी जान गंवाने वालों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई और सभी प्रभावित परिवारों के प्रति भी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की गईं। डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी पूर्व अध्यक्ष, सुरेश सोनी एवं छोटेलाल ठाकुर कार्यकारिणी के सदस्य, मिथिलेश श्रीवास्तव, नागेश्वर राव आदि शोकसभा में प्रमुख रूप से शामिल रहे।

**आयोजन :** कल्याण सागर से जल लेकर श्री राम-जानकी मंदिर पहुंचीं स्वच्छता दीदियां

# भाटापारा में आस्था व स्वच्छता का संगम, स्वच्छता दीदियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर पालिका परिषद भाटापारा द्वारा एक अनूठे और गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़, स्वच्छता दीदियों के सम्मान एवं अभिनंदन के लिए यह विशेष समारोह ऐतिहासिक कल्याण सागर स्थित श्री राम-जानकी मंदिर परिसर में परम पूज्य महंत रामरूप दास महात्यागी जी के पावन सानिध्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ आस्था और स्वच्छता के अद्भुत संगम से हुआ। नगर को स्वच्छ रखने वाली स्वच्छता दीदियों ने कल्याण सागर से जल उठाकर श्री राम-जानकी मंदिर में अर्पित किया और नगर की स्वच्छता, समृद्धि, सुख-शांति एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। समारोह में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ललित माखीजा, वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा सम्मिलित हुए। सभी अतिथियों द्वारा स्वच्छता दीदियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने कहा कि स्वच्छता दीदियां हमारे समाज की वास्तविक नायिकाएँ हैं। कड़ी धूप, बारिश और विपरीत परिस्थितियों में भी ये माताएँ-बहनें निस्वार्थ भाव से स्वच्छता को अपना परम दायित्व मानकर दिन-रात कार्य करती हैं। इनका योगदान केवल शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता का सशक्त आधार भी है। स्वच्छ भाटापारा, सुंदर भाटापारा के संकल्प को साकार करने में इनकी भूमिका अतुलनीय है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान का जो सपना देखा था, उसे जमीनी स्तर पर साकार करने का कार्य हमारी ये स्वच्छता दीदियाँ ही कर रही हैं।




### नगर का गौरव हैं स्वच्छता दीदियां

इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ललित माखीजा ने भी स्वच्छता दीदियों के कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परम पूज्य महंत रामरूप दास महात्यागी ने कहा कि स्वच्छता दीदियां केवल नगर की सफाई व्यवस्था का हिस्सा नहीं, बल्कि स्वच्छ एवं सुंदर भाटापारा के निर्माण की महत्वपूर्ण शक्ति हैं। उनके परिश्रम और सेवा भावना का सम्मान करना पूरे समाज का दायित्व है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि हमारी स्वच्छता दीदियाँ भाटापारा नगर पालिका परिवार का गौरव हैं। नगर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने में इनका परिश्रम और समर्पण सबसे बड़ा आधार है। हमारा दायित्व कार्यक्रम में राकेश तिवारी, डा मोहन बांधे, संतोष पाण्डेय, रविंद्र शर्मा, मनीष मिश्रा, नगर पालिका के सभापतिगण, पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, समाज प्रमुख एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे

## रज़ा नगर में ईद मिलादुन्नबी पर आम लंगर, जनप्रतिनिधियों ने दी मुबारकबाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के मुबारक अवसर पर नगर पालिका परिषद बलौदा बाजार के वार्ड क्रमांक 17 स्थित रज़ा नगर में मुस्लिम समाज की ओर से आम लंगर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, सभापति आदित्य गुप्ता, पूर्व पार्षद गोल्डी मरैया एवं नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष शेख सलमान विशेष रूप से शामिल हुए। जनप्रतिनिधियों ने समाज के लोगों से मुलाकात कर ईद मिलादुन्नबी की शुभकामनाएं दीं। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने मुस्लिम समाज के लोगों को पर्व की मुबारकबाद देते हुए कहा कि शहर की खूबसूरती आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द में निहित है। सभी धर्मों के त्योहारों को मिल-जुलकर मनाना सामाजिक एकता और सांप्रदायिक सद्भाव की मिसाल है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज के विभिन्न वर्गों के बीच आपसी मेलजोल और भाईचारे को मजबूत करते हैं। नेता प्रतिपक्ष शेख सलमान ने कहा कि पैगंबर हजरत मोहम्मद ने पूरी इंसानियत को मोहब्बत, अमन, भाईचारे और इंसाफ का संदेश दिया। उनके बताए रास्ते पर चलते हुए समाज में प्रेम, शांति और सद्भावना को बढ़ावा देना हम सभी की जिम्मेदारी है।

इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन एवं नेता प्रतिपक्ष शेख सलमान ने आम लंगर में शामिल होकर समाज के लोगों के साथ भोजन किया और सामाजिक एकता का संदेश दिया। पूर्व पार्षद गोल्डी मरैया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी मुस्लिम समाज के लोगों से मुलाकात कर पर्व की शुभकामनाएं दीं। आयोजन के दौरान रज़ा नगर में आपसी सौहार्द और भाईचारे का माहौल रहा। बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों के साथ स्थानीय नागरिकों ने भी लंगर में सहभागिता की।

## जयस्तंभ चौक पर बिना अनुमति तोरण, मुख्य मार्ग पर अवैध गेट लगाने से महापौर मीनल नाराज

**रायपुर।** शहर के हृदयस्थल जयस्तंभ चौक जैसे महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थल पर बिना अनुमति तोरण लगाए जाने तथा मुख्य मार्ग पर अवैध रूप से बड़ा गेट लगाए जाने के मामले को महापौर मीनल चौबे ने गंभीरता से लिया है। मामले की जानकारी मिलते ही महापौर ने जोन-4 के संबंधित अधिकारियों को तत्काल नगर निगम मुख्यालय तलब किया। और उनसे पूछा कि जब नगर निगम से किसी प्रकार की अनुमति नहीं ली गई तो मुख्य मार्ग पर तोरण और बड़ा गेट कैसे लग गया?

# बिलासपुर से खुलने वाली ट्रेनों का भाटापारा स्टॉपेज दिया जाए : राजेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

बिलासपुर से खुलकर रायपुर दिशा की ओर जाने वाली सभी ट्रेनों का ठहराव भाटापारा में दिए जाने की मांग बिलासपुर रेलवे जोन सलाहकार समिति के पूर्व सदस्य राजेश शर्मा ने की है,उन्होंने इस आशय का पत्र क्षेत्रीय सांसद एवं रेल मंत्री को प्रेषित करते हुए सुझाव दिया है कि इन ट्रेनों का भाटापारा स्टॉपेज देने से रायपुर बिलासपुर की समय सारिणी में ना तो किसी भी प्रकार का बदलाव होगा और यहां के लोगों का समय और पैसा बचने के साथ वहां के प्लेटफार्म पर भीड़ भी कम होगी।



प्रेस को जारी बयान में बिलासपुर रेलवे जोन सलाहकार समिति के पूर्व सदस्य राजेश शर्मा ने बताया कि भाटापारा रेलवे स्टेशन में इस समय देश के विभिन्न राज्यों को सीधे जोड़ने वाली 52 ट्रेनों का स्टॉपेज नहीं है,जबकि भाटापारा रेलवे स्टेशन आय की दृष्टि से एन एस जीः-3 केटेगरी का स्टेशन है। ट्रेन सुविधा पर्याप्त मात्रा में ना होने से यहां के निवासियों,व्यवसायियों,छात्रों को काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है।

### भाटापारा रेलवे स्टेशन पर 4 प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की मांग

शर्मा ने कहा कि बलोदा बाजार भाटापारा को छत्तीसगढ़ का संयुक्त राजस्व जिला बने काफी लंबा समय हो चुका है,और अब तक भाटापारा रेलवे स्टेशन को जो रेल यात्री सुविधाएं मिलनी थी उसके लिए अभी भी संघर्ष करने विवश होना पड़ रहा है,जबकि भाटापारा रेलवे स्टेशन पूरे बलोदा बाजार भाटापारा संयुक्त जिले का एक मात्र सबसे बड़ा रेलवे स्टेशन है,जो की अपने जिले के विधानसभा क्षेत्रों का ही नही बल्कि रेल विहीन बेमेतरा,मुंगेली जिले के क्षेत्रों का भी नजदीकी एवम सर्वसुविधा युक्त पहुंच वाला रेलवे स्टेशन है। शर्मा ने रेल यात्री हित में मांग करते और सुझाव देते हुए कहा कि भाटापारा के नागरिकों को पिछले लगभग 7 सालों से किसी भी यात्री ट्रेन का ठहराव नहीं मिला है जिसके कारण भाटापारा रेलवे स्टेशन पर वर्तमान में नहीं रुकने वाली ट्रेनों की संख्या 52 तक पहुँच गई है।,ऐसे में यहां के लोगों की मंशा और बहुत पुरानी मांग को देखते हुए बिलासपुर से खुलकर रायपुर दिशा की ओर जाने वाली 4 प्रमुख यात्री ट्रेनों 12851/12852,बिलासपुर चेन्नई एक्सप्रेस,12441/12442 बिलासपुर नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस,22939/22940 बिलासपुर ओखा एक्सप्रेस और 20825/20826 बिलासपुर नागपुर वंदेभारत एक्सप्रेस का भाटापारा ठहराव स्टॉप एंड स्टार्ट के तहत तत्काल स्वीकार करना अति आवश्यक हो गया।

## महुआ शराब बरामद नाबालिग सहित दो लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** महुआ शराब का अवैध परिवहन कर रहे नाबालिग सहित दो लोगों के विरूद्ध कार्रवाई की गई। सांकरा पुलिस ने बताया कि मुखबीर सूचना मिली कि मोटर सायकल सीजी 06 जीवाय 6995 में दो लोग जेराभरन से परसवानी की ओर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब लेकर परिवहन करने वाले हैं। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने टिंकू ओगरे पिता उत्तर कुमार ओगरे (21 साल) और एक नाबालिग के कब्जे से कुल 25 लीटर हाथ भट्ठी से निर्मित महुआ शराब कीमत करीबन 5000 रुपए को बरामद किया। पूछताछ में आरोपियों ने शराब को स्वयं के द्वारा गांव के जंगल में बनाकर रोहित चौहान निवासी परसवानी थाना सांकरा जिला महासमुंद के पास छोड़ने के लिए जाना बताया। मामले में आरोपी टिंकू ओगरे, रोहित चौहान व विधि विरूध संघर्षरत बालक का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# यातायात समस्या और सड़कों पर मवेशियों के मुद्दे पर पत्रकारों ने एसपी से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



तहसील प्रेस क्लब सिमगा के पत्रकारों ने गत दिनों पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार गौरव राय से सौजन्य भेंट मुलाकात की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक को चर्चा में बताया कि नगर के मुख्य मार्गों चौक-चौराहों जिसमें बेमेतरा तिराहा, जय स्तंभ चौक, अप्पू चौक, शिवनाथ नदी के पुराने पुल सहित नेशनल हाईवे में मवेशियों का दिन रात जमावड़ा लगा रहता है। जिसके चलते मार्ग में चलने वाले लोगों को काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ता है व आए दिन हादसे होते रहते हैं जिससे कई वाहन चालकों एवं वाहन में सवार यात्रियों को अपनी जान भी गंवानी पड़ती है। वहीं सड़कें खराब होने के बावजूद भी बड़ी वाहन जैसे ट्रक ट्रेलर तेज रफ्तार में बिना तारपत्री से ढ़के रेत डस्ट भरकर सड़कों पर दौड़ते हैं सड़क में रेत तथा डस्ट गिरने से राहगीरों को तकलीफों का सामना करना पड़ता है।

### भारी वाहनों से चरमराई यातायात व्यवस्था

नगर में अव्यवस्थित पार्किंग, तथा दुकानदारों द्वारा सड़क किनारे दुकान का समान रखने एवं भारी वाहनों के नगर में प्रवेश करने से यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। जिनके कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होना आम बात हो गयी है। दुर्घटनाओं के चलते कई लोग मौत के मुंह में समा चुके हैं। रात में यह समस्या और भी बढ़ जाती है। लेकिन फिर भी नगर में यातायात पुलिस कहीं नजर नहीं आती है। यातायात पुलिस केवल जिले से मिले टारगेट को पूरा करने तिल्दा ओवरब्रिज एवं बेमेतरा बाई पास में ही नजर आती है। पत्रकारों ने आगे बताया कि इसी मार्ग पर शासकीय देशी एवं अंग्रेजी शराब दुकान संचालित है जहां दुकान परिसर में ही शासकीय चखना सेंटर भी है। मदिरा प्रेमी वहां से शराब पीकर अपने गाड़ी से आते हैं तो महज 100 मीटर की दूरी पर यातायात पुलिस द्वारा उन्हें विशेष रूप से टारगेट करके ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से सीधे 10 हजार रुपए का फाइन काट देते हैं। जिससे मदिरा प्रेमी व यातायात पुलिस के बीच तू तू मैं मैं होना आम बात हो गयी है। होटल ढाबों में सहित क्षेत्र के गांव गांव में अवैध शराब बेचने की जैसे होड़ लग गयी है। जिसके चलते ग्रामीण परेशान हैं। पुलिस केवल दिखावे की कार्यवाही कर कुछ खास कोचियों पर मेहरबान है।

# अर्टिगा कार में बड़ी मात्रा में नगदी रकम परिवहन करते एक व्यक्ति पकड़ा गया

**महासमुंद।** ओडिशा मार्ग (पदमपुर रोड) पर 26 अगस्त की रात को बसना पुलिस द्वारा सघन चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध अर्टिगा कार (ओडी 03 क्यू 8419) को रोककर पूछताछ एवं वाहन में रखे सामग्री की जांच की। जांच के दौरान ओडिशा निवासी करूणा नाईक (32 वर्ष) के कब्जे से एक थैले में 11,98,300 रुपए को बरामद किया गया। संदेही से उक्त नगदी रकम के संबंध में पूछताछ करने पर उसके द्वारा संतोषप्रद जवाब नहीं देने व रकम के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सकने की दशा में पुलिस द्वारा धारा 106 बीएनएस के तहत संदिग्ध 11,98,300 रुपये नगद एवं परिवहन हेतु प्रयुक्त वाहन अर्टिगा कार कीमत 8,00,000 रुपए तथा 02 नग मोबाईल फोन कुल कीमत 20 लाख 08 हजार 300 रुपए को जब्त किया गया है।

## गोडाउन से लोहे की प्लेट चोरी

**महासमुंद।** बिरकोनी स्थित एक गोडाउन से लोहे की प्लेट चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध कोतवाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को मुस्ताक खान ने बताया कि वह रिलायबल लाजिस्टिक्स कंपनी बिरकोनी में वेल्डिंग का काम करता है। कंपनी के अंदर गोडाउन बनाया जा रहा है, जिसमें बेस तैयार करने के लिये लोहे की प्लेट कंपनी के अंदर रखा था, जिसमें से 15 नग प्लेट कुल कीमत 10500 रुपए को 26 अगस्त की शाम 06 बजे से 27 अगस्त की सुबह 08 के मध्य अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

समक्ष श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी सिमगा,
जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

// शपथ-पत्र //

मैं राखी पिता शंकर उम्र 18 वर्ष निवासी सकलोर पोस्ट हिरमी तहसील सुहेला जिला बलौदाबाजार - भाटापारा (छ.ग.) 493195 एतदद्वारा मैं पूर्णतः पुष्टि करती हूँ तथा निम्नानुसार घोषणा करता हूँ :-

1. यह कि मैं सकलोर पोस्ट हिरमी तहसील सुहेला जिला बलौदाबाजार - भाटापारा (छ.ग.) 493195 की स्थाई निवासी हूँ ।
2. यह कि मैं अपने स्वयं के आधार कार्ड में नाम परिवर्तन कराना चाहती हूँ पुराना नाम राखी सुई पिता शंकर सुई (RAKHI SUI D/O SHANKAR SUI) से बदलकर नया नाम राखी पिता शंकर (RAKHI D/O SHANKAR) कराना चाहती हूँ ।
3. यह कि मैं अपने स्वयं के आधार कार्ड में नाम परिवर्तन कराना चाहती हूँ पुराने नाम से किसी भी न्यायालय में प्रकरण लंबित नही है और न ही किसी बैंक में कोई ऋण की राशि शेष है ।
4. यह कि मैं नाम बदलकर यदि कोई गैर कानूनी काम करता हूँ तो उसके लिए मैं पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूंगी ।
5. मैं यह शपथपत्र अपने पूरे होशो हवाश में रहकर कर रहा हूँ तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

सत्यापन

मैं शपथकर्ता द्वारा शपथपत्र की कंडिका क्र. 01 से 05 तक किये कथन मेरे निजी जानकारी एवं दस्तावेजो के अनुसार सत्य एवं सही है।

Rakhi
शपथकर्ता/सत्यापनकर्ता

**पेज 9 के शेष**

## जिलाबदर आरोपी रिषभ...

आरोपी रिषभ मसीह को जिलाबदर किया गया है। उक्त आदेश के तहत आरोपी को जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के साथ सीमावर्ती जिले बिलासपुर, रायपुर, महासमुंद, मुंगेली, जांजगीर, सक्ति, बेमेतरा, सारंगढ़-बिलाईगढ़ आदि जिले की सीमाओं से बाहर चले जाने का आदेश दिया गया है तथा आदेश में अनावेदक को न्यायालय की अनुमति के बिना जिले की सीमाओं में प्रवेश नहीं करने संबंधी आदेश का भी उल्लेख है। *कि दिनांक 27 को दृष्टि हेल्पलाइन में सूचना मिली कि जिलाबदर आरोपी रिषभ मसीह, थाना सिमगा क्षेत्र में घूम रहा है।

कि सूचना पर थाना सिमगा की पुलिस टीम द्वारा जिलाबदर आरोपी रिषभ मसीह को मौके पर ही पकड़ कर हिरासत में लिया गया। पुलिस द्वारा जिलाबदर के आदेश होने के उपरांत भी क्षेत्र में घूमने संबंधी पूछताछ पर आरोपी द्वारा स्वयं के जिलाबदर का आदेश होना जानते हुए भी सिमगा क्षेत्र में घूमना स्वीकार किया गया। कि आरोपी का कृत्य धारा 14, 15 छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 का घटित पाए जाने से आरोपी को दिनांक 27 अगस्त को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

## 13 कृषि केन्द्रों ...

के निरीक्षक लोकनाथ दीवान के द्वारा जोगी कृषि केन्द्र, बलौदाबाजार, रूपेश कृषि केन्द्र लवन, सिद्धिविनायक कृषि सेवा केन्द्र, लवन का निरीक्षण किया गया। इसमें से पटेल कृषि सेवा केन्द्र, जय दुर्गा कृषि केन्द्र, शिवराम कृषि केन्द्र अमेरा, वर्मा कृषि केन्द्र, छेरकापुर, साहू कृषि केन्द्र, छेरकापुर, कमल कृषि केन्द्र, हिरमी में निर्धारित प्रारूप में देयक कृषकों को नहीं दिये जाने, स्टॉक रजिस्टर का संधारण नहीं करने, पी.सी. जमा नहीं किये जाने, प्रतिष्ठान में मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं करने जैसी अनियमितताएं पाई गई। इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित फर्मों को कीटनाशी अधिनियम, 1968 के धारा 10 (डी), 10 4 (ए), धारा 15, 8(3), 35 (1) के अन्तर्गत कारण बताओ नोटिस जारी किया गया और सात से लेकर दस दिवस के लिए किए विक्रय प्रतिबंधित किया गया है। सभी संबंधितों से एक सप्ताह के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित अवधि में जवाब प्रस्तुत नहीं करने अथवा जवाब संतोषप्रद नहीं पाए जाने की स्थिवि में संबंधित कृषि केन्द्रों के कीटनाशी लायसेंस के निलंबन की कार्यवाही की जाएगी।

HEALTH TOWN

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाइड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

पाइल्स
पाइल्स का इलाज, एक लेप, द्वारा मस्से को गला कर जड़ से इलाज किया जाता है।
समय : सुबह 9.30 से रात 8.00 बजे तक
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(25 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
9039050422, 9179455561
सरस्वती दाल मिल के सामने, गली नं. 3, अशोक विहार, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, फाफाडीह मेन रोड, रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### मूरा में भाई-बहनों ने रक्षाबंधन पर लगाया बरगद का पौधा

**बंगोली।** ग्राम मूरा में रक्षाबंधन के पावन पर्व पर भाई खूबचंद वर्मा, रुपचंद वर्मा तथा बहन बैसाखीन वर्मा, गैंदी बाई वर्मा ने मिलकर ग्राम के पचरी तालाब पार में बरगद का पौधा लगाया। पर्यावरण संरक्षण में योगदान देते हुए हरियाली हमारी पहचान, पेड़ लगाना हमारा अभियान के साथ रक्षाबंधन के इस महापर्व पर भाई बहन का प्यार, प्रकृति के नाम उपहार स्वरुप बरगद पौधे की सुरक्षा का संकल्प लेते हुए भाई बहन ने हरियाली का संदेश दिया।

### पेड़ नहीं हम प्राण लगाबो परिवार ने पौधा भेंट कर मनाया रक्षाबंधन



**पलारी।** छत्तीसगढ़ राज्य के अलग -अलग क्षेत्र में निवासरत प्रकृति प्रेमी टीम पेड़ नहीं हम प्राण लगाबो परिवार ने भाई बहन के अटूट प्यार विश्वास एवं स्नेह का त्यौहार रक्षाबंधन पर्व कलाई में रक्षा सूत्र राखी बांधते हुए प्रकृति संरक्षण का संकल्प लेते हुए एक दूसरे को पौधा भेंट करते हुए बड़ी ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। पलारी सहित लोरमी, बलौदाबाजार, भाटापारा और सिमगा क्षेत्र के भाई बहनों ने पौधा भेंट कर रोपण किया। पेड़ो कि अंधाधुंध कटाई वर्षा की अनियमितता बढ़ते कारखाना एवं धुएं रहित वाहनों से जहरीले हवाओं पर नियंत्रण करने पर्यावरण में शीतलता लाने,बढ़ते तापमान को रोकने के उद्देश्य से नीलम वर्मा, राधा वर्मा, मोनिका वर्मा, अनन्या,परी, पीहू, सुषमा, मनमोहन दास वैष्णव, पवन कुमार जायसवाल, विनय कुमार कश्यप, कपिल कश्यप, इंद्रकुमार वर्मा, यशवंत, धर्मेंद्र, राजू, राकेश, रामस्वरूप, छत्रपाल, राहुल वर्मा,सोमू, युवराज, लक्ष्मण कुमार वर्मा, गोविंद वर्मा, बंटी वर्मा, उत्तम वर्मा एवं समस्त बहने साथ सहयोगी बनकर पौधे भेंट की तथा पौधारोपण करते हुए रक्षाबंधन पर्व मनाया।

### अंचल में धूमधाम से मनाया रक्षाबंधन का पर्व



**रिसदा।** भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का पावन पर्व रक्षाबंधन बलौदाबाजार अंचल में पूरे हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही घरों में उत्सव का माहौल रहा। बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा और उनके उज्ज्वल भविष्य व लंबी उम्र की कामना की। भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार भेंट कर हर सुख-दुख में उनकी रक्षा करने का वचन दिया। रक्षाबंधन पर बलौदा बाजार अंचल के ग्राम रिसदा,कोकड़ी, परसाभदेर मिशन, दसरमा, पुरेना खपरी, अमेरा, ढ़नढ़नी, सैहा, चांपा, भरूवाडीह, सेमहराडीह, सरकीपार, लटुवा, मोहतरा, डमरू, रसेड़ा, रसेडी, सुढेला सहित इत्यादि गांवों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

### खरोरा में मनाया रक्षाबंधन का पर्व

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर रक्षाबंधन का त्योहार मनाया गया। इस दिन बहनों ने अपने भाई की कलाई पर राखी बांधी तथा भगवान से भाई के लिए हमेशा खुश और स्वस्थ रहने की कामना की। वहीं भाईयों ने अपनी बहन की हमेशा रक्षा करने व लंबी आयु की कामना की।



### पर्व : भाइयों ने बहनों को उपहार भेंट कर सुख-दुख में साथ निभाने का वचन दिया

# रक्षाबंधन पर बहनों ने भाइयों की कलाई पर सजाया रक्षासूत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

भाई-बहन के प्रेम, स्नेह और विश्वास का पर्व रक्षाबंधन नगर में शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही घरों में पर्व को लेकर उत्साह का माहौल रहा। बहनों ने विधि-विधान से भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी दीर्घायु, सुख-समृद्धि और स्वस्थ जीवन की कामना की। वहीं भाइयों ने बहनों को उपहार भेंट कर हर सुख-दुख में साथ निभाने का वचन दिया। रक्षाबंधन के लिए बहनों ने पूजा की थाली में तिलक, फूल, दूब, दीपक, राखी और मिठाई सजाई। भाइयों को आसन पर बैठाकर तिलक लगाया और पूजा-अर्चना के बाद उनकी कलाई पर रक्षासूत्र बांधा। इसके बाद मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर उनकी खुशियों को दोगुना किया। राखी बांधने के लिए कई बहनें दूर-दराज से अपने मायके और भाइयों के घर पहुंचीं। इसके चलते बस, टेंपो, टैक्सी सहित अन्य यात्री वाहनों में भी दिनभर भीड़ देखने को मिली। दोपहर से देर शाम तक राखी बांधने का सिलसिला चलता रहा। छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी में पर्व को लेकर उत्साह नजर आया। रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के रिश्ते का पर्व नहीं, बल्कि प्रेम, विश्वास, सम्मान और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक भी है। परंपरा के अनुसार बहन भाई की मंगलकामना करती है और भाई उसकी रक्षा तथा हर परिस्थिति में साथ खड़े रहने का संकल्प लेता है। आधुनिकता के दौर में भी रक्षाबंधन जैसे पर्व भारतीय संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों के प्रति लोगों की आस्था को मजबूत करते हैं।





## नन्हीं बहनों ने पुलिसकर्मियों को बांधी राखी, दिया साइबर सुरक्षा का संदेश



**बलौदाबाजार।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर जिले के विभिन्न स्कूलों से नन्हीं बच्चियां सिटी कोतवाली थाने पहुंचीं और पुलिसकर्मियों की कलाई पर राखी बांधकर भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को और मजबूत किया। इस दौरान राखी के साथ साइबर जागरूकता अभियान का संदेश भी दिया गया। राखी बांधने वालों में बचपन स्कूल, बलौदाबाजार और अहिल्या इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, लाहोद सहित जिले के कई स्कूलों की छात्राएं शामिल रहीं। नन्हीं छात्राओं के थाने पहुंचने से पुलिस परिसर में उत्साह और अपनत्व का माहौल देखने को मिला। रक्षाबंधन के इस आयोजन को साइबर जागरूकता अभियान से भी जोड़ा गया। पुलिस ने छात्राओं और उपस्थित लोगों को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए। अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने, ओटीपी, बैंक डिटेल और पासवर्ड किसी से साझा नहीं करने तथा सोशल मीडिया पर निजी जानकारी सावधानी से साझा करने की अपील की गई। पुलिस ने साइबर ठगी होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी भी दी। इस अवसर पर पुलिस ने संदेश दिया कि "राखी का प्यार साइबर सुरक्षा का उपहार"। रक्षाबंधन के इस आयोजन ने भाई-बहन के स्नेह के साथ-साथ बच्चों और आमजन को साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने का संदेश भी दिया।

## हर्षोल्लास से मना रक्षाबंधन, बाजारों में रही रौनक

**बिलाईगढ़।** भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और विश्वास का प्रतीक पावन पर्व रक्षाबंधन नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया।





सुबह से ही घरों में उत्सव का माहौल रहा। बहनों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी और उनके सुखी एवं समृद्ध जीवन की कामना की। इस अवसर पर भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार भेंट कर उनकी रक्षा और हर सुख-दुःख में साथ निभाने का संकल्प लिया। दूर-दराज में रहने वाले भाई-बहनों ने भी फोन और वीडियो कॉल के माध्यम से एक-दूसरे को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। रक्षाबंधन को लेकर बाजारों में भी विशेष रौनक देखने को मिली। रंग-बिरंगी राखियों, मिठाइयों और उपहारों की दुकानों पर लोगों की भीड़ रही। पर्व ने पारिवारिक रिश्तों में प्रेम, अपनत्व और भावनात्मक जुड़ाव को और मजबूत किया।

## रक्षाबंधन भाई-बहन के प्रेम और पारिवारिक मिलन का पर्व : मोहन

**हिरमी रावन।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर जिला पंचायत बलौदाबाजार के सभापति मोहन लाल वर्मा ने हिरमी कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई की कलाई पर राखी बांधने का त्योहार नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति में परिवार और रिश्तों को एक सूत्र में जोड़ने का पवित्र पर्व है।हिरमी अंचल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान श्री वर्मा ने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास और समर्पण का प्रतीक है।

इस दिन बहन अपने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उसकी सुख-समृद्धि, उन्नति और दीर्घायु की कामना करती है। वहीं भाई भी बहन की रक्षा और सम्मान का संकल्प लेता है।सभापति मोहन लाल वर्मा ने कहा कि रक्षाबंधन के बहाने पूरा परिवार एक साथ मिलता है। शादी के बाद दूर रहने वाली बहनें भी इस पर्व पर मायके पहुंचती हैं, जिससे सालभर की दूरियां अपनापन और खुशियों में बदल जाती हैं। परिवार के सभी सदस्य एक साथ बैठकर हंसी-खुशी से पर्व मनाते हैं। उन्होंने कहा कि यही छत्तीसगढ़ की संस्कृति और संस्कारों की खूबसूरती है।उन्होंने कहा कि भागदौड़ भरी जिंदगी में ऐसे पर्व हमें परिवार, रिश्तों और अपनी संस्कृति से जुड़े रहने का संदेश देते हैं। रक्षाबंधन हमें याद दिलाता है कि रिश्तों से बढ़कर कोई धन नहीं है।



### मुंडा में हर्षोल्लास से मना रक्षाबंधन



**मुंडा।** ग्रामीण में अंचलों में 28 अगस्त शुक्रवार पूर्णिमा को मनाया जाने वाला यह रक्षाबंधन का त्यौहार हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। उसी दिन चंद्र ग्रहण होने के चलते दोपहर से राखी बांधने का कार्यक्रम का शुरुआत हुआ इसी प्रकार से धर्मेंद्र खूटे के शोका कुल परिवार द्वारा सभी बहनों ने एक साथ मिलकर सभी भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर सूख समृद्धि और उज्जवल भविष्य की कामना किया जिसमें सम्मिलित रामचंद्र खूटे, अनिल खूटे, रमेश खटे, सुनील खूंटे, धर्मेंद्र खूटे, जितेंद्र दीवान, देवेंद्र खूटे, महेंद्र खूटे, साहिल खूटे, विजेंद्र खूटे, बहन रामौतीन, अनीता, शकुंतला, दिव्या, रजनी, मधुरिमा, सजनी, लकी, कमलेशवरी, नीलम, रानी, सोनी सहित सभी बहनों ने भाइयों के हाथों में सजाई राखियां।

### बच्चों ने पुलिस कर्मियों को बांधी राखी

**गिधौरी।** सामाजिक सरोकार और संस्कारों की सुंदर मिसाल पेश करते हुए न्यू ऑक्सफोर्ड इंग्लिश स्कूल टुण्डरा के विद्यार्थियों ने रक्षाबंधन के अवसर पर गिधौरी थाना पहुंचकर प्रभारी सहित पुलिस कर्मियों को राखी बांधी और उनके प्रति सम्मान एवं आभार व्यक्त किया गया और बच्चों ने नगर पंचायत टुण्डरा के नगर पंचायत अध्यक्ष छत्रराम साहू को भी राखी बांधकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल मोनिका मैम एवं को डायरेक्टर ज्योति मैम भी बच्चों के साथ उपस्थित रही। पुलिस कर्मियों एवं छत्रराम साहू ने बच्चों की इस आत्मीय पहल की सराहना की। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने प्रेम, भाईचारे, सम्मान और सामाजिक जिम्मेदारी का सुंदर संदेश दिया।



### पलारी में से मना रक्षाबंधन, देर रात तक कलाई पर सजता रहा रक्षासूत्र

**पलारी।** शुक्रवार को भारतीय संस्कृति का प्रतिक भाई बहन का पवित्र त्यौहार रक्षाबंधन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अटूट प्रेम,स्नेह और अखंड विश्वास के महापर्व रक्षाबंधन पर बहनों ने अपने भाइयों के कलाइयों को सुनी नहीं होने दी देर रात तक राखी बांधने का सिलसिला चलता रहा, सुबह से ही बहाने तैयार होकर नए कपड़े धारण कर शुभ मुहूर्त 7:57 बजे भाई की आरती उतारी और कुमकुम, चावल का टीका लगाया पश्चात भाई के कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा राखी बांधने का सिलसिला दिन भर चलता रहा। इस दौरान भाई और बहने भावुक भी हुए, रक्षा सूत्र बांधने के बाद बहनों को भाइयों ने उपहार भी दिए साथ ही साथ यह पवित्र रिश्ता को जन्म जन्मांतर तक निभाने का संकल्प भी लिया बहनों ने भी हर जन्म में ऐसा ही भाई देने का ईश्वर से प्रार्थना की।



### गोपालपुर में धूमधाम से मना रक्षाबंधन

**गोपालपुर।** भाई बहन के विश्वास के अटूट पर्व रक्षाबंधन त्योहार गांव एवं क्षेत्र में बहुत जोर शोर से मनाया। सुबह से रात तक बहन ने अपने भाई के कलाई में राखी बांध कर मुंह मीठा किया और आशीर्वाद लिया। भाई ने बहन को उपहार स्वरूप कपड़ा एवं पैसा दिया। क्षेत्र के सभी सड़कें मे बहुत भीड़ देखा गया। एवं रक्षा बंधन त्योहार के एक दिन पूर्व बस में खचाखच भीड़ से भरा रहा। लोकल सवारीयो को बस नही बिठा रहे थे। उनको घंटों भर खड़ा रहना पड़ा। गोपालपुर के बस स्टैंड में राखी दुकान, मिठाई दुकान, फल दुकान, आईस क्रीम दुकान, गुपचुप दुकान सजा हुआ था। सभी दुकानों में खासा भीड़ देखने को मिला। अक्सर मोटरसाइकिल मे परिवार सहित सफर करते हुए नजर आए और यह पर्व क्षेत्र में शांति प्रिय निपटें, समाचार लिखे जाने तक क्षेत्र मे कोई घटना घटित नहीं हुआ है।



## अर्जुनी अंचल में मना रक्षाबंधन, बाजारों में रही चहल-पहल



**अर्जुनी।** भाई बहन के अटूट स्नेह का पर्व रक्षाबंधन 28 अगस्त शुक्रवार को नगर सहित टोनाटार गोगिया मोपर टोपा गोढ़ी मिरगी नवागांव पुरेना खैरताल खम्हरिया भद्रापाली एवं पूरे ग्रामीण क्षेत्रों में हर्ष उल्लास और परंपरा पूर्वक मनाया गया। हर वर्ष की तरह बहनों ने रक्षा सूत्र से भाइयों की कलाइयां सजाई। रेशम की डोरी के धागे भले ही कच्चे हो लेकिन इसके पीछे का स्नेह अटूट और बेहद मजबूत होता है। भाई बहन के प्यार का प्रतीक इस त्यौहार को लेकर घर-घर में व्यापक तैयारियां की गई थी। शुक्रवार की सुबह लोग स्नान कर देवी देवताओं का पूजा अर्चना किया। इसके उपरांत बहनों ने भाइयों की कलाई में रक्षा सुत बांधकर जन्म जन्म तक सुख दुख में साथ निभाने का वचन भाइयों से लिया। वही भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर हमेशा साथ निभाने का वादा किया। इस दौरान मुंह मीठा करने का दौर भी जारी रहा। घर के बूढ़े बुजुर्गों का पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

शुक्रवार को भाई और बहन के प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन का पावन त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस पावन पर्व पर दुकानदारों ने दिनभर अपनी दुकानों बाजारों को सुंदर राखियो से सजाए रखा। सुबह से बहनों द्वारा अपने भाई की कलाई पर राखी बांधने का सिलसिला शुरू हो गया जो देर शाम तक जारी रहा। छोटे बच्चों में भी राखी के पर्व को लेकर उत्साह पाया गया। छोटी बच्चियों ने भी अपने भाइयों को राखी बांधी। बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी तो भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार देकर जीवन भर उनकी रक्षा करने का वचन दिया। रक्षाबंधन के दिन सुबह से ही राखियो और मिठाइयों की दुकान पर लोगों की भीड़ उमड़ी रही। बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधने के लिए नई-नई डिजाइन की राखियां खरीदी।वही राखी के साथ-साथ कपड़े साड़ियां और अन्य सामग्री खरीदने के लिए दुकानों पर भीड़ लगी रही। भारतीय हिंदू संस्कृति में सभी रिश्तों को महत्व देने के लिए कई पर्व मनाए जाते हैं। भाई दूज के साथ रक्षाबंधन का पर्व भाई और बहन के अनूठे संबंध को और गहरा करने का पर्व है। भारत में रक्षाबंधन को लेकर पौराणिक और ऐतिहासिक परंपरा रही है। भगवान श्री कृष्ण को द्रौपदी द्वारा उनकी घायल उंगली में साड़ी की पट्टी बांधने को भी रक्षाबंधन से भी जोड़कर देखा जाता है।

## भरुवाडीह कला में हर्षोल्लास के साथ मनाया रक्षाबंधन



**खरोरा।** भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन आज ग्राम भरुवाडीह कला में बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही गांव का माहौल उल्लासमय हो गया था। गलियों में बहनों के हाथों में सजाए हुए थाल और चेहरे पर मुस्कान देखते ही बनती थी। दूर-दूर के गांवों से आई बहनें अपने भाइयों के घर पहुंचते ही गले लगकर खुशियों से भर उठीं। थालियों में रोली, चावल, दीपक और मिठाई सजाकर बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी और उनके सुख-समृद्धि तथा दीर्घायु की कामना की। भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार देकर जीवन भर उनकी रक्षा करने का संकल्प दोहराया। घर-घर में मिठाइयों की मिठास और रिश्तों की गर्माहट ने वातावरण को और भी आनंदमय बना दिया। ग्राम भरुवाडीह कला के धीरेंद्र कुमार वर्मा ने इस अवसर पर कहा कि "हमारी बहनें, जो कि दूर-दूर के गाँव से हर्षपूर्वक भाइयों को राखी बांधने के लिए आती हैं, उनके इस प्रेम और त्याग की मिसाल अद्वितीय है। रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के रिश्ते का पर्व नहीं, बल्कि यह समाज में आपसी प्रेम, एकता और सहयोग की भावना को भी मजबूत करता है।

### शिवरतन शर्मा के कार्यकाल के विकास कार्यों का क्षेत्र को मिल

# सीसी रोड व महामाया मंदिर सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

जिला पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत परसवानी (अ) में सीसी रोड निर्माण एवं महामाया मंदिर प्रांगण में पेवर ब्लॉक सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन समारोहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति श्रीकांत राजा जायसवाल ने कहा कि गांवों के विकास से ही देश का विकास संभव है। केंद्र में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की डबल इंजन सरकार गांव, गरीब, किसान, महिला और युवा इन चार स्तंभों को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, महतारी वंदन जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं ने आज अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के जीवन में बदलाव लाया है। शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में भी अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि भाटापारा विधानसभा के पूर्व विधायक एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा जी का विशेष योगदान हमारे पूरे क्षेत्र के विकास में रहा है। उनके कार्यकाल में स्वीकृत सड़क, बिजली, पानी, स्कूल भवनों सहित अनेक विकास कार्यों की नींव रखी गई, जिसका लाभ आज भी हमारे गांवों को मिल रहा है। भाजपा संगठन ने सदैव गांव के विकास को प्राथमिकता दी है और परसवानी (अ) के विकास में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। महामाया मंदिर का सौंदर्यीकरण हमारी आस्था और संस्कृति के सम्मान का प्रतीक है। इस अवसर पर भाजपा ग्रामीण मंडल महामंत्री खुमान सिंह वर्मा, जनपद सदस्य मीना वर्मा, सरपंच हिमित राम वर्मा, अकोली सरपंच रामबिहारी वर्मा, उपसरपंच सनत वर्मा, पूर्व सरपंच पीलाराम वर्मा, बुधराम वर्मा, भोगनारायण वर्मा, सुरेन्द्र वर्मा, धर्मराज वर्मा, धर्मेन्द्र वर्मा, दिनेश वर्मा, अजीत यादव, टीकाराम वर्मा, शिवकुमार, तखत राम सेन, जगन्नाथ वर्मा सहित पंचायत परिवार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411